गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल निर्माण के लिए हुई समीक्षा

# 'रि-डेंसीफिकेशन योजना' के प्रस्ताव होंगे एक सप्ताह में तैयार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 25-10-21
patrika.com

रतलाम. गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में समीक्षा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई।



बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत बात की गई। दोनों योजनाओं के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया।

## निर्माण पर सहमति दी

माणकचौक स्कूल को अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया। माणकचौक स्कूल की जगह मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई। योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी बात हुई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त ने कहा कि अगले सप्ताह प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

## यह रहे उपस्थित

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका 23-10-21

# 1 हजार 770 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित

नवभारत 25-10-21

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु 1707 हितग्राहियों को राशि रूपये 10,000/- तथा द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु 63 हितग्राहियों को राशि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया गया है। एनयूएलएम स्वरोजगारगण योजना में 35 हितग्राहियों व एनयूएलएम स्वरोजगार समूहगण योजना में 2 समूह को गण उपलब्ध कराया गया है। पथ विक्रेताओं को ब्याज मुक्त गण के लिये ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

नवभारत
25-10-21

# गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल रि-डेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव होंगे एक सप्ताह में तैयार

## कलेक्टोरेट में विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा हुई



प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहें।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों योजनाओ के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया।

बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी चर्चा की गई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त श्री दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

प्रसारण 25-10-21

प्रसारण 25-10-21

25-10-21 नव भारत

# डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव

रतलाम। मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 5:30 से 8 बजे तक व शाम को 6 से रात 10 बजे तक किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

नव भारत 25-10-21

दस साल : 5 करोड़ से ज्यादा खर्च फिर नहीं सुधर रहे हालात

# त्योहारों पर सभी जगह हो रही सफाई, निगम कर रहा मटमैला पानी सप्लाई

पत्रिका डे-स्पेशल मंडे मेगा स्टोरी


पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. नगर निगम ने दस साल में 5 करोड़ से अधिक का व्यय आम शहरी को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल देने के नाम पर खर्च कर दिए। साल दर साल योजनाएं तो बनती रही, प्रभार वाले अधिकारी बदलते रहे, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात का है। न तो पर्याप्त न शुद्ध पेयजल शहर को मिल पा रहा है।

निगम हर साल आय व व्यय का बजट बनाता है। इसमे विभिन्न विभाग के लिए अलग-अलग राशि का प्रावधान रखता है। पेयजल विभाग के बजट की ही समीक्षा की जाए तो चौकाने वाली बात यह है कि शहर में कभी न तो पूरा कर नगर निगम को मिला नहीं निगम ने कभी पूरा बजट योजनाओं पर व्यय किया। ऐसे में दस साल पहले जो हालात मोहल्लों, गलियों से लेकर रोड पर लीकेज के थे, वो अब भी है। इतना ही नहीं बारिश के समय तो मिट्टी के आने से टर्बिडिटी बढ़ती है, लेकिन जब बारिश नहीं है निगम शहर में शुद्ध पेयजल नहीं दे पा रहा है।



## रोड मैप ही नहीं है विभाग के पास

बड़ी बात यह है कि शहर में पेयजल की पाइप लाइन तो है, लेकिन इसका रोड मैप ही नगर निगम के पास नहीं है। ऐसे में जब जब लीकेज होता है उस स्थान पर खुदाई रखरखाव कार्य के लिए शुरू तो हो जाती है, लेकिन कभी यह नहीं देखा जाता है कि जहां से लीकेज हो रहा है, उसकी वजह क्या है। ऐसे में शहर में निगम का एक विभाग पक्की रोड पर कभी डामर तो कभी सीसी करता है व कुछ दिन बाद लीकेज की शिकायत पर उसी नई रोड की खुदाई शुरू हो जाती है।

## आय व्यय को समझे इस तरह

निगम अपने बजट में आय व्यय का पत्रक बनाता है। मात्र दो वर्ष के पत्रक को ही देख ले तो यह सामने आ जा जाएगा कि किस तरह से कामकाज हो रहा है। वर्ष 2019 - 20 में निगम के अनुसार जल अधिकर की राशि 75 लाख रुपए अनुमान थी, लेकिन निगम के खजाने में मात्र 27.84 लाख रुपए ही आए। जल निकासी का कर 75 लाख रुपए तय किया गया, लेकिन निगम को मात्र 27.76 लाख रुपए ही मिल पाए। वर्ष 2021 - 22 की हो तो दोनों कार्य के लिए निगम ने 125-125 लाख रुपए तय किए है, लेकिन अब तक जल अधिकर व जल निकासी में मिलाकर भी 50 लाख रुपए प्राप्त नहीं हुए है।

## जलमित्र को बंद कर दिया

नगर निगम ने लीकेज सुधार के लिए जलमित्र योजना की शुरुआ की थी। इसमे नगर निगम आयुक सोमनाथ झारिया व जलविभाग के कर्मचारी लीकेज की सूचना मिल पर तुरंत सुधार के लिए कार्य शुरू करते थे, इस बेहतर कार्य को अचानक बंद कर दिया गया। ऐसे में अब लीकेज हो रहे है तो इनके सुधार के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

## शुद्ध करने में किए लाखों रुपए व्यय

| योजना | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|
| अशुद्ध जल | 119.43 | 100 | 25 |
| सामग्रीक्रय | 26.81 | 26.11 | 12.50 |
| जलपरिवहन | 23.34 | 28 | 9.10 |
| ब्लीचिंग पावडर व अन्य | 18.53 | 20.11 | 10.11 |
| धोलावाड़ में व्यय | 51.24 | 49.55 | 12.50 |
| पाइप लाइन सुधार | 12.15 | 10.00 | 3.75 अब तक |
| हैंडपंप मरम्मत | 0.34 | 5.00 | 1.25 अब तक |
| मशीन पर व्यय | 11.03 | 25.00 | 6.25 अब तक |

## योजना फिर होगी शुरू

25-10-21

शहर में पर्याप्त दबाव में शुद्ध पेयजल वितरण हो रहा है। अगर कही से सूचना आती है तो तुरंत व्यवस्था में सुधार कार्य किया जाता है। जल मित्र योजना को फिर से शुरू किया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 25-10-21

## रोशन हुई डाट की पुल रोड पर लगी स्ट्रीट लाइटें



डाट की पुल रोड सिटी फोरलेन का काम पूरा गया है। इस पर आवाजाही भी शुरू हो गई है। रविवार को स्ट्रीट लाइटें चालू होते ही क्षेत्र का स्वरूप निखर गया। पूरा क्षेत्र रोशनी से जगमग हो गया। ● नईदुनिया

नईदुनिया 25-10-21

## दीपावली से पहले शहर में हो सफाई, स्ट्रीट लाइट सुधार दें



नगर निगम अधिकारियों की बैठक लेते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

रतलाम। दीपावली के पूर्व शहर की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, सड़कों का पेंचवर्क व पुरे शहर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ समीक्षा बैठक के दौरान निगम अधिकारियों को दिए।

सिविक सेंटर स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि दीपावली के दौरान सभी घरों में साफ-सफाई के चलते कचरा भी अधिक निकलता है। इसलिये घर-घर से कचरा संग्रहण का कार्य मुस्तैदी से किया जाए। शहर में किसी भी प्रकार का कचरा ना दिखाई दे। शहर में 40 सड़कों का पेंचवर्क तेजी से कर दीपावली के पूर्व कार्य पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर ने स्ट्रीट लाइटों के सुधार की जानकारी लेते हुए कहा कि दीपावली पर्व पर सभी लाइटें चालू रहें इसलिए पूरे शहर में भ्रमण कर बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाया जाए। उन्होंने राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियों की प्रापर्टी आइडी का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोपाल गोशाला, नित्यानंद मार्केट, फुड जोन, सुभाषचन्द्र शापिंग काम्प्लेक्स के संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए संपत्तिकर, राजस्व व जलकर वसूली की लक्ष्य पूर्ति नियत समयावधि में करने के निर्देश दिए।

**काम ऐसा करें कि निगम की छवि बेहतर बने :** बैठक में कलेक्टर ने कहा कि निगम अधिकारी एवं कर्मचारी इस प्रकार से कार्य करें कि नगर निगम की छवि नागरिकों में बेहतर बने। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, अरविंद दशोत्तर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

नई दुनिया 25-10-21

नई दुनिया
25-10-21

# दीपावली के पहले सारी सड़कों का पेचवर्क हो जाना चाहिए

## कलेक्टर ने निगम अमले को दिए निर्देश



तरणताल कार्यालय में कलेक्टर की मीटिंग के साथ ही पोस्ट ऑफिस रोड पर पेचवर्क भी किया जा रहा था।

25-10-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दीपावली के त्योहार को 10 दिन बाकी है। इसके पहले सारी खराब सड़कों का पेचवर्क हो जाना चाहिए। प्रकाश व्यवस्था के साथ सफाई को सुधारो क्योंकि सफाई चलने से कचरा ज्यादा निकल रहा है।

यह निर्देश रविवार को कलेक्टर व ननि प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कमिश्नर सोमनाथ झारिया सहित निगम अमले को दिए। पिछले निर्देशों पर कितना काम हुआ उसका अपडेट भी लिया। एक सप्ताह में राजीव गांधी सिविक सेंटर की संपत्तियों की प्रॉपर्टी आईडी बनाने को कहा। गोपाल गोशाला, नित्यानंद मार्केट, फूड जोन, सुभाषचंद्र शॉपिंग कॉम्प्लेक्स दुकानों का विक्रय सहित जानकारी भी ली। संपत्तिकर व जलकर वसूली बढ़ाने को कहा। सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मो. हनीफ शेख, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

### किस व्यवस्था के लिए क्या निर्देश दिए प्रशासन ने

- कचरा संग्रहण - साफ-सफाई का दौर चल रहा है। घर-घर से कचरा कलेक्शन पूरी मुस्तैदी से किया जाए। सड़कों के किनारे कचरा नहीं दिखाए देना चाहिए। सफाई कार्य की गति बढ़ाओ।
- पेचवर्क - शहर की 40 सड़कों का पेंचवर्क किया जाना चाहिए। अभी मरम्मत का कार्य धीमा चल रहा है, इसे और तेजी से कराओ। दीपावली के पहले काम पूरा होने से नागरिकों को सुविधा होगी।
- स्ट्रीट लाइट - रोशनी का त्योहार है, इसलिए स्ट्रीट लाइट बंद नहीं होना चाहिए। बताया गया कि ईईएसएल की लाइट का सामान मिल गया है। सुधार कार्य शुरू हो गया है। अब मेंटेनेंस त्वरित होगा।

भास्कर 25-10-21

भास्कर 25-10-21

# शहर में आज 15 स्थानों पर होगा वैक्सीनेशन

25-10-21

रतलाम | शहर में 25 अक्टूबर को टीकाकरण किया जाएगा। 12 स्थानों पर कोविशील्ड और 2 स्थानों पर को-वैक्सीन लगेगी।

गांधीनगर स्थित कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी स्थित कम्युनिटी हॉल, विरियाखेड़ी स्थित रेडक्रॉस भवन, सुभाष नगर मांगलिक भवन, कालिका माता मंदिर धर्मशाला, सागोद रोड स्थित काश्यप सभागृह, दो बत्ती स्थित डीआरएम ऑफिस, जिला अस्पताल, कसारा बाजार स्थित माहेश्वरी धर्मशाला, मोमिनपुरा बड़ी मसजिद, अशोक नगर मदरसा, रामेश्वर मंदिर जावरा रोड में कोविशील्ड का टीका लगाया जाएगा। राजेंद्र नगर स्थित आईएम हॉल और एमसीएच में को-वैक्सीन लगेगी। अलकापुरी में 400 डोज, गांधीनगर, मोमिनपुरा, दो बत्ती और आईएमए हॉल में 300 डोज की व्यवस्था रहेगी। भास्कर

# जल उपयोगिता समिति की बैठक 27 अक्टूबर को

25-10-21 नवभारत

रतलाम। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2021-22 में रबी सिंचाई का लक्ष्य निर्धारण हेतु चर्चा की जाएगी।

नवभारत 25-10-21

# जल उपयोगिता समिति की बैठक 27 को

पत्रिका 25/10/21

रतलाम. जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 27 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम करेंगे। बैठक शाम 4 बजे से होगी। बैठक में वर्ष 2021-22 में रबी सिंचाई के लक्ष्य निर्धारण के लिए चर्चा की जाएगी।

पत्रिका 25-10-21

# जल उपयोगिता समिति की बैठक 27 को

अवन्तिका

रतलाम। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2021-22 में रबी सिंचाई का लक्ष्य निर्धारण हेतु चर्चा की जाएगी। 25/10/21

अवन्तिका 25-10-21

## गोल्ड कॉम्प्लेक्स, जिला जेल रि-डेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव एक सप्ताह में तैयार होंगे

रतलाम। गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

दोनों योजनाओ के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया।


बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई। बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी चर्चा की गई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त श्री दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

---

पोल पर रोशनी व रोड से हो गड्ढे गायब

## 17 दिन बाद कलेक्टर ने ली बैठक: बोले तीन काम दीपावली पूर्व हो जाना चाहिए



रतलाम. आप लोगों की 17 दिन पूर्व बैठक ली थी। इसमे तीन बात पर जोर दिया। पहला शहर के हर बिजली पोल पर अंधेरा गायब हो व रोशनी हो, शहर से गंदगी गूल हो व सफाई हो, इसके अलावा पर्याप्त स्वच्छता नजर आए। अपने काम के तरीके को बदल लो, यह अंतिम चेतावनी है। दीपावली के पूर्व सभी रोड से गड्ढे दूर हो जाना चाहिए व हर पोल पर रोशनी रहना चाहिए।

यह बात कलेक्टर व नगर निगम के प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को तरणताल स्थित निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक में कही। 7 अक्टूबर को प्रशासक के रुप में कुमार ने एक - एक विभाग की समीक्षा की। शहर में रोड के पैचवर्क काम शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की लेकिन साथ ही कड़ी चेतावनी दी कि दीपावली के पूर्व हर गड्ढा गायब हो जाए व वहां पर पक्की रोड नजर आए। सफाई व्यवस्था पर नाराज नजर आए।

### तीन बात पर दिया जोर

बैठक में कलेक्टर कुमार ने तीन बात पर जोर दिया। इसमे प्रमुख रुप से शहर के पोल पर व्याप्त अंधेरा, स्वच्छता का कमजोर काम के साथ सड़क सुधार को कहा। स्वच्छता के मामले में तो कलेक्टर ने साफ कहा कि जहां नौकरी कर रहे हो वहां के प्रति प्रेम का अभाव है। इतनी गंदगी होने के बाद भी कर्मचारी को टाइट नहीं कर पा रहे हो। बैठक में आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त, सिटी इंजीनियर हनीफ शेख सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## डेंगू से बचाव हेतु कीटनाशक दवा का छिड़काव

रतलाम ● नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 05:30 से 08:00 बजे तक व शाम को 06:00 से रात 10:00 बजे तक किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनापक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

# गोल्ड कॉम्प्लेक्स व जिला जेल रि-डेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव एक सप्ताह में होंगे तैयार

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।



## 300 बिस्तर का बनेगा अस्पताल

दोनों योजनाओ के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया। बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई।

दबंग इंडिया 25-10-21

# शिविर के तीसरे दिन भी किया रक्तदान



रतलाम। अखण्ड भारत के प्रणेता लौह पुरुष सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष में चल रहे रक्तदान शिविर में आज उमरथाना क्षेत्र के युवाओं ने मानव सेवा समिति रक्त केंद्र रतलाम पहुंचकर रक्तदान किया। भरत चौधरी ,दशरथ पाटीदार ,राधेश्याम पाटीदार, राकेश पाटीदार ,नितेश पाटीदार, प्रकाश पाटीदार, रजनीश पाटीदार, गौतम पाटीदार, मयंक पाटीदार ,सौरभ पाटीदार ,गणेश गुर्जर, नरेंद्र पटेल आदि युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मोहनलाल पाटीदार मुरली वाला ,शांतिलाल पाटीदार ,गोविंद पाटीदार, सुभाष पाटीदार ,प्रवीण पाटीदार ,भारती आशीष पाटीदार एवं मानव सेवा समिति से गोविंद काकानी एवं गोपालकृष्ण सोडानी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी पाटीदार समाज न्यास ट्रस्ट के वरिष्ठ अमृत पाटीदार द्वारा दी गई।

दबंग इंडिया

25-10-21

# 15 नवंबर से राशन होगा आपके द्वार

## 16 जिलों के 74 आदिवासी विकासखंडों में लागू होगी योजना, गांव तक पहुंचाया जाएगा राशन

नई दुनिया

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की शुरुआत प्रदेश में 15 नवंबर से होगी। 16 जिले के 74 आदिवासी विकासखंडों में उचित मूल्य की दुकान से राशन ले जाकर गांवों में वितरित किया जाएगा। इसके लिए स्थानीय युवाओं को बैंकों से ऋण दिलाकर वाहन खरीदवाए जाएंगे। इसके लिए कलेक्टरों को तीन नवंबर तक हितग्राहियों का चयन करना होगा। वाहन कंपनियों को 10 नवंबर तक हितग्राही को वाहन उपलब्ध कराने होंगे।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने योजना के क्रियान्वयन की तैयारी के लिए कलेक्टरों को दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें कहा गया है कि योजना उन गांवों में प्रभावशील होगी, जहां उचित मूल्य की दुकान नहीं है और उपभोक्ताओं को दूसरे गांव राशन लेने के लिए जाना पड़ता है। मासिक चार क्विंटल खाद्यान्न के उठाव के आधार पर सेक्टर बनाए जाएंगे। प्रत्येक सेक्टर के लिए एक वाहन आवंटित किया जाएगा। एक सेक्टर में 15 से 20 गांव रहेंगे। एक दिन में एक वाहन राशन लेकर अधिकतम 15 किलोमीटर से अधिक दूर नहीं जाएगा। वाहन ऋण दिलाने के लिए हितग्राही का चयन तीन नवंबर तक करना होगा। वाहन का चयन हितग्राही स्वयं करेगा और उसे बैंक से ऋण दिलाने की प्रक्रिया जिला आपूर्ति नियंत्रक कराएंगे। वाहन का उपयोग कम से कम 25 दिन खाद्यान्न वितरण के काम में किया जाएगा। शेष दिवस में वाहन मालिक अन्य कार्य कर सकेगा। 25-10-21




**झाबुआ, रतलाम सहित इन जिलों लागू होगी योजन**

अनूपपुर, बालाघाट, बड़वानी, बैतूल, छिंदवाड़ा, धार, डिंडोरी, होशंगाबाद (नर्मदापुरम), झाबुआ मंडला, रतलाम, सिवनी, शहडोल, श्योपुर, सीधी एवं उमरिया।

नई दुनिया

25-10-21

# Proposals for Gold Complex, Dist Jail re-densification soon

FP NEWS SERVICE
Ratlam 25-10-21



The housing board will submit proposals for the proposed Gold Complex and District Jail re-densification within a week.

During a meet held on Sunday the officials and the people's representative chalked out the strategy to develop over 300-bed modern hospital on the District Hospital premises and a thousand seat capacity auditorium and sports complex with the financial input from the Gold complex and commercial complex on shifting of District Jail.

An official said that proposals will be submitted within a week.

Government boys higher secondary school may be shifted to make way for a multilevel parking and shopping complex for medium and small shopkeepers.

Ratlam city MLA Chetanya Kashyap, district collector Kumar Purushottam, Indore circle housing board deputy commissioner and state nodal officer for Jail, Yashwant Dohare, Ujjain circle MPHB deputy commission Prabhuddha Parate, executive engineer Nirmal Gupta, Ratlam Municipal Corporation commission Somnath Jharia, SDM Abhishek Gehlot among others were present.

फ्री प्रेस

25.10.21

# गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल रि-डेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव होंगे एक सप्ताह में तैयार

## कलेक्टोरेट में विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा हुई



रतलाम। गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों योजनाओ के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया।

### स्कूल बनाने पर बल

बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई। बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी चर्चा की गई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त श्री दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

25-10-21

25-10-21

# जल उपयोगिता समिति की बैठक 27 अक्टूबर को

25-10-21

रतलाम। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को सायं 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2021-22 में रबी सिंचाई का लक्ष्य निर्धारण को लेकर चर्चा की जाएगी।

25-10-21

**रि-डेंसीफिकेशन योजना** • गोल्ड कॉम्प्लेक्स और सर्किल जेल शिफ्टिंग से बचेंगे लगभग 145 करोड़ रुपा

# 112 करोड़ से बनेंगे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिटी फोरलेन और जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग

- रविवार को अवकाश के दिन भी बैठक में कई योजनाएं हुईं फाइनल
- हाउसिंग बोर्ड एक सप्ताह में प्रस्ताव तैयार करके प्रस्तुत करेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अगले तीन साल में शहर में 112 करोड़ रुपए से विकास कार्य होंगे। इनमें स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिटी फोरलेन, अस्पताल की नई बिल्डिंग, कलेक्टोरेट बी-विंग और ऑडिटोरियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल है। इसके लिए पैसा रि-डेंसीफिकेशन योजना में बनने वाले गोल्ड कॉम्प्लेक्स और सर्किट जेल शिफ्टिंग से मिलेगा। दोनों योजनाओं में लगभग 282 करोड़ रुपए का निवेश होना है। सरकार को लगभग 145 करोड़ रुपए की बचत होगी। इसी को विकास कार्यों में खर्च किया जाएगा।

इस सिलसिले में रविवार को विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में कलेक्टोरेट में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें हाउसिंग बोर्ड को एक सप्ताह में सभी विकास कार्यों की योजना तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई ताकि इस दिशा में कार्ययोजना बन सके। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी मौजूद रहे।

## कलेक्टोरेट बी-विंग के साथ बनेगा शहर का पहला ऑडिटोरियम

### ये है रि-डेंसीफिकेशन की योजना

- **गोल्ड एंड ज्वेलरी पार्क**- नगर निगम के सामने गांधी उद्यान के पीछे 2.49 हेक्टेयर में पीपीपी मॉडल के तहत बनेगा। 167 करोड़ के निवेश की उम्मीद। इसमें लगभग 90 करोड़ सिर्फ जमीन के बदले मिलेंगे। चार मंजिला गोल्ड कॉम्प्लेक्स में 605 दुकानें, शोरूम और प्रोडक्शन यूनिट्स की जगह रहेगी। नागरिकों की सुविधा के लिए सराफा कारोबार से अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े व्यापारियों के लिए भी जगह उपलब्ध कराई जाएगी। रतलाम विकास प्राधिकरण डीपीआर तैयार कर रहा है।
- **सर्किल जेल शिफ्टिंग**- व्यावसायिक क्षेत्र में आ चुकी लगभग 2.72 हेक्टेयर में बनी सर्किल जेल सागोद रोड पर जामण पाटली के पास शिफ्ट होगी। वहां 30 हेक्टेयर जमीन आवंटित हो चुकी है। इसकी जगह पीपीपी मॉडल पर मल्टी लेवल कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा।

25-10-21

**अब माणकचौक हायर सेकंडरी स्कूल बनेगा मार्डन** : माणकचौक स्थित शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय को मार्डन स्कूल बनाया जाएगा। इसमें ऑनलाइन पढ़ाई की फेसिलिटी भी होगा। माणकचौक क्षेत्र की पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए माणकचौक की पुरानी सब्जी मंडी और स्कूल मिलाकर मल्टीलेवल पार्किंग और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना है।

### रि-डेंसीफिकेशन योजना में होंगे ये विकास कार्य

- **स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स**- बंजली में 5 हेक्टेयर जमीन आरक्षित की है। 14 करोड़ में बनने वाले कॉम्प्लेक्स में इनडोर व आउटडोर खेल सुविधा मिलेगी।
- **सिटी फोरलेन**- सैलाना बस स्टैंड से मानव सेवा समिति तक की सड़क को फोरलेन बनाने सहित अन्य सड़कों को अपग्रेड करेंगे। सभी सीमेंट कांक्रीट की बनेगी। 9 करोड़ का खर्च होगा।
- **कलेक्टोरेट बी विंग**- सालाखेड़ी फोरलेन स्थित नए कलेक्टोरेट के पीछे 9 करोड़ के खर्च से बनेगी। 20 से ज्यादा से ज्यादा अधिकारी चैंबर व अन्य कमरे होंगे।
- **ऑडिटोरियम**- इसके लिए बंजली मेडिकल कॉलेज के पास 3 हेक्टेयर जगह आवंटित हो गई है। ऑडिटोरियम की क्षमता एक हजार सीट की होगी। 10 करोड़ रुपए के खर्च से बनेगा।
- **ऑफिसर्स क्वार्टर**- ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पुराने जर्जर मकानों को तोड़कर जगह 100 क्वार्टर का निर्माण होगा। इस पर 12 करोड़ खर्च होंगे।
- **जिला अस्पताल**- पुराने की जगह चार मंजिला नई बिल्डिंग बनेगी। यह अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त वाली अस्पताल की नई बिल्डिंग में 300 बेड होंगे।

*हाउसिंग बोर्ड रि-डेंसीफिकेशन योजना में होने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव बनाकर देगा। जिला स्तरीय कमेटी और शासन की मंजूरी मिलने पर दिसंबर में टेंडर प्रोसेस चालू हो जाएगी।*
**चेतन्य काश्यप**, विधायक

*रविवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गोल्ड कॉम्प्लेक्स, जेल शिफ्टिंग रि-डेंसीफिकेशन योजना में होना है। इससे रहवासियों के साथ सरकारी अमले को भी सुविधा मिलेगी।*
**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर

भास्कर
25-10-21

# सात दिन में बनेगा जेल रि-डेंसीफिकेशन और गोल्ड काम्प्लेक्स का प्रस्ताव

## विकास की डगर पर आगे बढ़े : जेल की जमीन पर कमर्शियल काम्प्लेक्स और निगम के सामने बनाया जाएगा गोल्ड पार्क

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर विकास के अहम प्रोजेक्ट गोल्ड काम्प्लेक्स व जेल रि-डेंसीफिकेशन को लेकर रविवार को विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में हुई बैठक में दोनों योजनाओं के प्रस्ताव एक सप्ताह में तैयार होने करने की जानकारी दी गई। प्रस्ताव बनने के बाद शासन स्तर से स्वीकृति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने व उसके स्थान पर कमर्शियल काम्प्लेक्स का निर्माण व गोल्ड काम्प्लेक्स से मिलने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर चर्चा की गई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त दोहरे ने कहा कि दोनों योजनाओं का प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत्त के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत्त के उपायुक्त प्रबुद्ध पराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम शहर अभिषेक गहलोत, तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

**योजनाओं में यह काम होगा**

**जेल रि-डेंसीफिकेशन-** व्यावसायिक क्षेत्र में आने से करीब 2.72 हेक्टेयर में बनी वर्तमान सर्किल जेल की जगह कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। अभी जेल में 380 की क्षमता से ज्यादा कैदी रखे जा रहे हैं। रि-डेंसीफिकेशन योजना में जमीन लेने वाली फर्म को सर्किल जेल के नए भवन के साथ ही अन्य निर्माण करना होंगे, जो प्रशासन द्वारा तय किए जाएंगे। इस योजना में शहर में करीब 100 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य होंगे। नई सर्किल जेल के लिए बिबडौद रोड पर 30 हेक्टेयर जमीन भी आवंटित हो चुकी है।

**गोल्ड काम्प्लेक्स-** इस योजना में जिला अस्पताल का 300 बेड का नया भवन, 1000 सीट की क्षमता का आडिटोरियम, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, शासकीय आवास व कलेक्टोरेट संकुल में बी विंग बनाई जाना प्रस्तावित है।

**मल्टीलेवल पार्किंग की तैयारी-** बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानांतरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। स्कूल की जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग के लिए मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए काम्प्लेक्स निर्माण करने पर सहमति दी गई।



अधिकारियों से चर्चा करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

25-10-21

नई दुनिया 25-10-21

गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल रि-डेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव होंगे एक सप्ताह में तैयार

# कलेक्टोरेट में विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा हुई



**रतलाम।** गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे। बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों योजनाओ के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया। बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया।

माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई। बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी चर्चा की गई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त श्री दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

इन्दौर समाचार 25-10-21

इन्दौर समाचार
25-10-21

निगमायुक्त, कलेक्टर और विधायक की मौजूदगी में हुई बैठक

# गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल रि-डेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव होंगे एक सप्ताह में तैयार

25-10-21



रतलाम ● स्वदेश समाचार

गोल्ड कॉम्प्लेक्स और जिला जेल की रीडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, उपस्थित थे।

बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्प्लेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों योजनाओ के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही 1000 सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया। बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई। बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी चर्चा की गई । हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त श्री दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

स्वदेश 25-10-21

## दुकानें क्रय करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

रतलाम ● महू रोड स्थित सुभाषचन्द्र शॉपिंग काम्प्लेक्स की 99 दुकानों के विक्रय किये जाने हेतु नगर निगम द्वारा निकाली गई ऑन लाईन निविदा की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी की गई है जिसके तहत व्यापारी, दुकानदार, नागरिक 10 नवम्बर तक दुकान क्रय करने हेतु ऑन लाईन निविदा जमा करा सकेंगे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि काम्पलेक्स बस स्टैण्ड परिसर के समीप होकर विशाल पार्किंग के साथ बगैर किराये के उपलब्ध 99 दुकानों के विक्रय हेतु ऑन लाईन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर नियत थी। व्यापारी, दुकानदार व नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निविदा की अंतिम तिथि में बढ़ोत्तरी की जाकर 10 नवम्बर की गई है। 25/10/21

स्वदेश 25-10-21

# गोल्ड कॉम्पलेक्स व जिला जेल रिडेंसीफिकेशन योजना के प्रस्ताव होंगे एक सप्ताह में तैयार

## कलेक्टोरेट में विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा हुई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

गोल्ड कॉम्पलेक्स और जिला जेल की रिडेंसिफिकेशन योजना के तहत रतलाम में होने वाले विकास एवं विस्तार कार्यों पर विधायक चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में चर्चा की गई। इसमें हाउसिंग बोर्ड द्वारा दोनों योजनाओं के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव अगले सप्ताह तैयार करने की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, हाउसिंग बोर्ड इंदौर वृत के उपायुक्त एवं जेल के प्रदेश नोडल अधिकारी यशवंत दोहरे, उज्जैन वृत के उपायुक्त प्रबुद्ध पाराते, कार्यपालन यंत्री निर्मल गुप्ता, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत तहसीलदार गोपाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में रिडेंसीफिकेशन योजना के तहत जिला जेल को शहर के बाहर शिफ्ट करने तथा उसके स्थान पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स का निर्माण करने के साथ-साथ प्राप्त होने वाली राशि से विभिन्न नवनिर्माण करने की योजना पर चर्चा हुई। इसी प्रकार गोल्ड कॉम्पलेक्स से प्राप्त होने वाली राशि से किए जाने वाले निर्माण कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। दोनों योजनाओं के तहत प्रमुख रुप से जिला चिकित्सालय का 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक भवन बनाने की योजना बताई गई। इसके साथ ही एक हजार सीट का ऑडिटोरियम एवं स्पोर्ट्स कांपलेक्स बनाने का प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा गया। बैठक में माणकचौक स्कूल को अन्यत्र स्थानान्तरित कर अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल बनाने पर बल दिया गया। माणकचौक स्थित उसकी जगह पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने और सार्वजनिक उपयोग हेतु मध्यम व छोटे दुकानदारों का स्थान सम्मिलित करते हुए कॉम्पलेक्स का निर्माण करने पर सहमति दी गई। बैठक में रि-डेंसीफिकेशन योजना की राशि से बनने वाले अन्य शासकीय भवनों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने हेतु भी चर्चा की गई। हाउसिंग बोर्ड के उपायुक्त श्री दोहरे ने कहाकि अगले हफ्ते प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि इन कार्यों को जल्द ही गति मिल सके।

अवन्तिका 25-10-21

तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए वर्तमान में बेहद सतर्कता बरतने की जरूरत है । कोरोना की संभावित तीसरी लहर को दृष्टिगत रखते हुए एवं सुरक्षित बचपन के लिए नोबेल सम्मान प्राप्त बाल अधिकार कार्यकर्ता श्री कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन व बचपन बचाओ आंदोलन द्वारा देश के साथ नीमच में बच्चों की सुरक्षा के लिए कोविड केयर किट भेजकर अनुकरणीय व प्रेरणादायक कार्य किया गया है ।

अवन्तिका
25-10-21

## शेष-विशेष

### द्वारका रेसीडेंसी की याचिका खारिज

रतलाम ● माननीय उच्च न्यायालय इंदौर द्वारा सैलाना रोड ओवर ब्रिज के पास स्थित द्वारका रेसीडेंसी के प्रोपाईटर जितेन्द्र नागल पिता मोहनलाल नागल द्वारा दर्ज की गई याचिका को खारिज किया। द्वारका रेसीडेंसी के प्रोपाईटर जितेन्द्र नागल पिता मोहनलाल नागल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका प्रस्तुत की थी तथा स्वंय ही नई याचिका प्रस्तुत करने का उल्लेख करते हुए प्रस्तुत याचिका वापस लिये जाने का अनुरोध करने पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नवीन याचिका प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता देते हुए दर्ज याचिका क्रमांक 22788/2021 को खारिज किया।

25-10-21

स्वदेश
25-10-21